दिनांक – 14.01.2020

## "कायाकल्प समीक्षा बैठक"

कायाकल्प समीक्षा बैठक दिनांक 14.01.2020 को प्रो. डॉ. करन पीपरे चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई–:

- कायाकल्प निरीक्षण हेतु आने वाली टीम दिनांक 31/01/2020 व 01/02/2020 को अंतिम निरीक्षण करेगी। इसके लिए समस्त तैयारियों की विस्तार में चर्चा की गयी।
- कायाकल्प निरीक्षण के दौरान फोटोग्राफर और अन्य संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गयी।
- चिकित्सा अधीक्षक महोदय ने सभी प्रकार के रिकार्ड जैसे की अस्पताल कचरा निस्तारण व बॉयोमेडिकल वेस्ट सबंधी कार्यों के विषय में चर्चा की।
- इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. मृत्युंजय राठौर द्वारा सभी लंबित कार्यों को शीघ्र संपन्न करने के आदेश दिये गये तथा सभी प्रकार के रिकार्ड को तैयार रखने के आदेश दिये।
- कायाकल्प पुरस्कार राशि में वृद्धि करने के संबंध में चिकित्सा अधीक्षक महोदय ने चर्चा की।
- समस्त अस्पताल रसोई कर्मचारियों के टीकाकरण से संबंधित रिकार्ड को दुरूस्त करने के आदेश दिये गये।
- **"मेरा अस्पताल, फीडबैक प्रणाली"** को और प्रभावशाली ढंग से लागू करने की बात की गयी।

इस बैठक में डॉ. नितिन बोरकर, उपचिकित्सा अधीक्षक, डॉ त्रिदिप दत्ता, डॉ रमेश चंद्राकर, उपचिकित्सा अधीक्षक, डॉ मृत्युंजय राठौर, नोडल अधिकारी कायाकल्प, डॉ पदमा दास, डॉ एली मोहापात्रा, श्री एम.पी. दुबे लेखा अधिकारी, श्री वी. सीतारामू प्रशासनिक अधिकारी(अस्पताल), श्री हरीश मीना नर्सिंग ट्यूटर, सुश्री नूपूर जैन वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ, श्री हिमांशु दीक्षित एम.एस.एस.ओ. श्री वाए. दुर्गाराव सहायक सुरक्षा अधिकारी, श्री कालेश्वरा आई.टी. मेडिकल रिकार्ड अधिकारी सहित सभी सहायक नर्सिंग अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित हुए।

चिकित्सा अधीक्षक ने बैठक के अंत में सबका आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया एवं सभी को पूरे जोश में कार्य करने के लिए उत्साहित किया।

Karanpeepre 15/01/2020

15.1.2020

रिपोर्ट –:
श्री हरीश मीना
नर्सिंग ट्यूटर

AIIMS Raipur